आत्मरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता योजना

सनातनी वह है जिसमें प्रेम, करूणा, मैत्री, समानता, सद्भावना एवं समन्वय के भाव हों। सनातन की यह परिभाषा हमने नहीं दी है। सनातन को तो तथागत भगवान बुद्ध ने लगभग ढ़ाई हजार वर्ष पूर्व सारनाथ में अपने पहले उपदेश में परिभाषित किया था। हम तो उन्हीं के वाक्य को दोहरा रहे हैं।

सनातन संगम न्यास की स्थापना समस्त सनातनियों को जोड़कर एक ही लड़ी में पिरोने के लिए की गई है। इस न्यास के अन्तर्गत सभी सदस्यों में, सभी सनातन मतों के अराध्यों के प्रति नमन का भाव उत्पन्न किया जा रहा है। यह न्यास उन महापुरूषों का नमन एवं वंदन भी करता है जिन्होंने सनातन भाव को पोषित एवं रक्षित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सनातन भाव को केन्द्र बिन्दु मानते हुए न्यास का प्रयास है कि सभी नागरिकों में राष्ट्रप्रेम की भावना जाग्रत हो और सशक्त हो। सनातन संगम न्यास के उद्देश्यों में यह भी विशेष रूप से सम्मिलित है कि सभी सनातनियों को अपने स्वास्थ्य की रक्षा करनी चाहिए एवं उन्हें आत्मरक्षा में निपुण होना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ एवं बलिष्ठ शरीर ही सनातन विचारों का पोषक एवं राष्ट्र का रक्षक हो सकता है।

स्वास्थ्य रक्षा एवं आत्मरक्षा में निपुणता प्राप्त करने के लिए सनातन संगम न्यास द्वारा सुभारती रक्षा अकादमी, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के सहयोग से यह योजना चरणबद्ध रूप से आरम्भ की गई है। प्रथम चरण में सदस्यों को बिना किसी हथियार के आत्मरक्षा करना सिखाया जाएगा एवं यदि केवल हाथ में एक डंडा हो तो उसका प्रयोग असामाजिक तत्वों से बचाव के लिए किस प्रकार किया जाना है, वह सिखाया जाएगा। इस चरण के अन्तर्गत पहला प्रयोगात्मक शिविर दिनांक **27 मई 2024 से 29 मई 2024** तक जनरल मोहन सिंह पार्क, सुभारतीपुरम, मेरठ में आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क है एवं इसका समय प्रातः 06:00 बजे से प्रातः 07:45 बजे तक इस हेतु निर्धारित किया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस शिविर को पूर्ण कर समुचित कौशल प्राप्त करने वाले सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा एवं वे दूसरे चरण के लिए अर्ह होंगे।

यदि आप इसका लाभ उठाना चाहते हैं तो कृपया सम्पर्क नम्बर (09045954341/96390 10175) पर अपनी सूचना उपलब्ध कराएं। आपको अपने आधार कार्ड की प्रति, अपना वर्तमान पता एवं फोन नंबर भेजना है। आपको एक आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जाएगा जिसे भरकर भेजने पर आपका पंजीकरण हो जाएगा। आवेदन पत्र का शुल्क मात्र रूपये 50/– है। आपको संस्था के अधिकृत अधिकारी द्वारा सम्पर्क करके सम्पूर्ण प्रशिक्षण योजना के विषय में बताया जाएगा एवं आपकी किसी भी शंका का समाधान किया जाएगा।

यदि आप मेरठ से बाहर किसी अन्य स्थान पर रहते हैं एवं प्रतिदिन आने में आपको असुविधा है तो अत्यंत न्यून दरों पर विश्वविद्यालय परिसर में आपको आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। भोजन भी न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध करवाया जाएगा।

प्रतिदिन की समय सारिणी निम्न प्रकार है :

1. तिथि – 27 मई 2024 से 29 मई 2024।
2. समय –
   (i) प्रातः 06:00 से प्रातः 06:15 तक विशेषज्ञ द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता उद्बोधन।
   (ii) प्रातः 06:15 से प्रातः 07:45 तक आम्मरक्षा प्रशिक्षण
3. स्थान : जनरल मोहन सिंह पार्क, सुभारतीपुरम, मेरठ।
4. परिधान : लोअर–टी–शर्ट/ट्रैक सूट।

नोट : यदि आपको किसी भी प्रकार की कोई स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या है तो कृपया आत्मरक्षा प्रशिक्षण से पूर्व अपने चिकित्सक से परामर्श अवश्य कर लें।

(डॉ0) अतुल कृष्ण
संस्थापक न्यासी
एम0टी0वी0 बुद्धिस्ट रिलीजियस एण्ड चैरिटेबिल ट्रस्ट

(कर्नल) राजेश त्यागी
निदेशक
सुभारती रक्षा अकादमी